ICFAI University Jharkhand releases second issue of IUJ Journal of Management June 15, 2016

the pioneer
RANCHI | THURSDAY | JUNE 16, 2016

ICFAI SECOND ISSUE OF JOURNAL OF MANAGEMENT

ICFAI University, Jharkhand released the latest issue of IUJ Journal of Management on Wednesday. GL Datta , former Chancellor of KL University and Dean of IIT, Kharagpur was the Chief Guest. The best paper award was given to article on 'Mobile Internet: Boon or Bane?' authored by Aagu Chaudhury , Sudeep Kumar and Bijoy Ganguly.

इक्फाइ विवि में प्रबंधन की पत्रिका का विमोचन

पत्रिका विमोचन के मौके पर कई अतिथि उपस्थित थे.

रांची. इक्फाइ विवि की प्रबंधन की पत्रिका (जर्नल) के दूसरे अंक का विमोचन किया गया. इस अवसर पर आइआइटी खड़गपुर के पूर्व कुलपति डॉ जीएन दत्ता विशेष रूप से उपस्थित थे. जर्नल के बेस्ट पेपर अवार्ड मोबाइल इंटरनेट लेख के लिए आशु चौधरी, डॉ सुदीप कुमार व डॉ विजिया गांगुली को दिया गया. आगंतुकों का स्वागत कुलपति प्रो ओआरएस राव ने किया. डॉ दत्ता ने विवि के समाज के लिए किये गये योगदान की सराहना की. उन्होंने विद्यार्थियों को प्रासंगिक विषयों में लेख व रिसर्च करने की सलाह दी. मौके पर रांची विवि के पूर्व कुलपति डॉ केके नाग ने जर्नल प्रकाशित करने पर बधाई दी. धन्यवाद ज्ञापन रजिस्ट्रार डॉ बीएम सिंह ने किया. इस अवसर पर प्रो एएस प्रसाद, मदन प्रसाद, एससी स्वेन आदि उपस्थित थे.

प्रभात खबर
Thu, 16 June 2016
epaper.prabhatkhabar.com/c/1103688

रांची एक्सप्रेस www.ranchiexpress.com

रांची, गुरुवार 16 जून, 2016 5

इक्फाई विवि की पत्रिका का विमोचन

रांची : इक्फाई विवि झारखंड की प्रबंधन विषय की पत्रिका के दूसरे अंक का आज विमोचन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईटी खड़कपुर के पूर्व कुलपति डॉ. जीएल दत्ता थे। पत्रिका के बेस्ट पेपर का अवार्ड मोबाइल इंटरनेट आलेख के लिए आगु चौधरी, डॉ सुदीप कुमार व डॉ वी गांगुली को दिया गया। इस अवसर पर डा. जीएल दत्ता, प्रो. ओआरएस राव, डॉ. केके नाग, डॉ बीएम सिंह सहित अन्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये।

गुरुवार, 16 जून 2016

हिन्दुस्तान

ईक्फाई विवि की पत्रिका का दूसरा अंक जारी

रांची। ईक्फाई विवि की पत्रिका का दूसरा अंक बुधवार को जारी हुआ। मुख्य अतिथि आईआईटी खड़गपुर के पूर्व वीसी डॉ जीएन दत्ता ने पत्रिका के एक लेख के लिए आगू चौधरी, डॉ सुदीप कुमार एवं विजया गांगुली को बेस्ट पेपर अवार्ड दिया।

आज

www.ajhindidaily.com रांची, १६ जून, २०१६

इक्फाई विवि में जर्नल का प्रकाशन

रांची। इक्फाई विवि में आज एक सादे समारोह में प्रबंधन की जर्नल पत्रिका का दूसरा नवीनतम अंक जारी किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आईआईटी खड़गपुर के पूर्व कुलपति डा.बीएन.दत्ता थे। जर्नल के बेस्ट पेपर अवार्ड मोबाईल इंटरनेट लेख के लिए आगु चौधरी , डा.सुदीप कुमार सह डा. विजीया गांगुली को दिया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो.आरएस.राव ने कहा कि विवि के प्रयास , अनुसंधान एवं प्रकाशन के माध्यम से समाज को काफी कुछ दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जर्नल के लेख का उपयोग शिक्षा एवं अनुसंधान के प्रतिष्ठित पेशेवरों के द्वारा लिखा गया है। समारोह के मुख्य अतिथि डा.जीएल. दत्ता ने कहा कि विवि ने समाज के लिए किए गए ज्ञान योगदान की सराहना की। उन्होंने उपस्थित सभी पीएचडी स्कॉलरों को प्रासंगिक विषयों में लेख एवं रिसंच करने की सलाह दी ताकि समाज उससे लाभान्वित हो। मौके पर डा.केके.नाग पूर्व कुलपति रांची विवि सह मेंबर बोर्ड ऑफ गर्वनर ने विवि को जर्नल प्रकाशित करने के लिए बधाई दी। समारोह का धन्यवाद ज्ञापन विवि के रजिस्ट्रार डा.बीएम.सिंह ने दिया। समारोह में विवि के एसोसिएट डीन प्रो.ए.एस.प्रसाद , प्रो.मदन प्रसाद एवं एससी.स्नेन ने सभी शिक्षक, छात्र एवं स्कॉलर उपस्थित थे।

करियर बनाना है तो रिसर्च के लिए आगे आएं युवा : प्रो. दत्ता

इक्फाई विवि में प्रबंधन जर्नल के विमोचन समारोह में बोलते प्रो. जीएन दत्ता।

एजुकेशन रिपोर्टर | रांची

आईआईटी खड़गपुर के पूर्व कुलपति डॉ. जीएन दत्ता ने कहा कि रिसर्च के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। इसके मध्यम से ही युवा खुद का करियर बनाने के साथ-साथ देश के विकास में भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। लेकिन, यह ध्यान रखें कि रिसर्च की क्वालिटी उच्च स्तर की हो। वे बुधवार को इक्फाई यूनिवर्सिटी में प्रबंधन जर्नल के विमोचन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। प्रो. दत्ता ने सामाजिक दायित्व के तहत प्रत्येक व्यक्ति को अपना कुछ समय समाज के लिए निकालकर सकारात्मक काम की सलाह दी।

मौके पर इक्फाई विवि के वीसी प्रो. ओएस राव ने कहा कि जर्नल में शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र के पेशेवरों के आलेख प्रकाशित किए गए हैं। जर्नल में बेस्ट पेपर अवॉर्ड ए चौधरी, सुदीप कुमार सिंह और विजया गांगुली को दिया गया। इसका विषय मोबाइल इंटरनेट था। इस अवसर पर डॉ. केके नाग, डॉ. बीएम सिंह, प्रो. एस प्रसाद आदि मौजूद थे।